उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची
## शुक्रवार, 18 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934
( दिनांक : 08 जून, 2012 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।
3. निधन के निदेश।
4. मुख्यमंत्री, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (2) के अधीन उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड की पंचम् वार्षिक प्रतिवेदन (2005-2006), षष्टम् वार्षिक प्रतिवेदन (2006-2007), सप्तम् वार्षिक प्रतिवेदन (2007-2008), अष्टम् वार्षिक प्रतिवेदन (2008-2009) तथा नवम् वार्षिक प्रतिवेदन (2009-2010) को सदन के पटल पर रखेंगे।
5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
6. श्री उमेश शर्मा काऊ, सदस्य विधान सभा, ''जनपद देहरादून के रायपुर विधान सभा क्षेत्र में जंगलों से निकलने वाली नदियों की बाढ़ से की जाने वाली सुरक्षा के संबंध में'' श्रीमती सुनीता देवी (अस्थल प्रधान) एवं अन्य निवासीगण, जनपद- देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्री उमेश शर्मा काऊ, सदस्य विधान सभा, ''जनपद देहरादून के रायपुर विधान सभा क्षेत्र में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के बीच बहने वाली नदियों से बाढ़ सुरक्षा किये जाने के संबंध में'' श्रीमती सुनीता देवी (अस्थल प्रधान) एवं अन्य निवासीगण, जनपद- देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. श्री वंशीधर भगत, सदस्य विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के हल्द्वानी विकास खण्ड के ग्राम देवलचौड़ ग्राम में मुख्य सड़क से लिंक रोड जो कि 300 मीटर को बनाने के संबंध में'' श्री भैरव दत्त शर्मा एवं अन्य निवासीगण, ग्राम-देवलचौड़, हल्द्वानी, जनपद- नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
9. श्री वंशीधर भगत, सदस्य विधान सभा, ''जनपद नैनीताल के विकास खण्ड भीमताल की ग्राम सभा दोगड़ा में शहीद मुकेश जीना हाईस्कूल, 10 कि0मी0 दूर एवं 10 कि0मी0 दूरी पर ज्योलीकोट हाईस्कूल के होने के कारण ग्राम सभा दोगड़ा में इण्टर कालेज की स्थापना के संबंध में'' श्री विजय कुमार एवं अन्य निवासीगण, गुणीपुर, हल्द्वानी, जनपद- नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ग**")

14. कार्यस्थगन प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. वित्तीय वर्ष 2012-2013 के आय-व्ययक की अनुदानों पर मांग, चर्चा एवं मतदान :-

(1) संसदीय कार्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-01 विधान सभा के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 279929 हजार (सत्ताईस करोड़ निन्यानवे लाख उन्तीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(2) संसदीय कार्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-03 मंत्रिपरिषद के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 197720 हजार (उन्नीस करोड़ सतहत्तर लाख बीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(3) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-04 न्याय प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1063961 हजार (एक सौ छः करोड़ उन्तालीस लाख इकसठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(4) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-08 आबकारी के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 61316 हजार (छः करोड़ तेरह लाख सोलह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(5) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-10 पुलिस एवं जेल के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 5185504 हजार (पांच सौ अठ्ठारह करोड़ पचपन लाख चार हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(6) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-14 सूचना के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 318717 हजार (इकतीस करोड़ सत्तासी लाख सत्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(7) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-21 ऊर्जा के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 3680628 हजार (तीन सौ अरसठ करोड़ छः लाख अठ्ठाईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(8) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-22 लोक निर्माण कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 7348954 हजार (सात सौ चौंतीस करोड़ नवासी लाख चौवन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(9) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-23 उद्योग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 696964 हजार (उन्हत्तर करोड़ उन्हत्तर लाख चौसठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(10) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-27 वन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2514897 हजार (दो सौ इक्यावन करोड़ अड़तालीस लाख सन्तानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

16. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय।

19. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

20. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

21. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

23. विधान सभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत पर्यटन नगरी मसूरी में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री गणेश जोशी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 06 जून, 2012 को दी गई सूचना पर, शहरी विकास मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

24. विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर में रा0उ0मा0वि0 लखनाड़ी, जू0हा0 लोद, रा0इ0का0 मनसारीनाला चौड़ा, कन्या इ0का0 सोमेश्वर आदि विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री अजय टम्टा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 06 जून, 2012 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

25. जन-गण-मन। (देखिए नत्थी "ङ")

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 08 जून, 2012**

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

द्वितीय सत्र, 2012
का द्वितीय शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
## की कार्यसूची
### शुक्रवार, 18 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1934
### ( दिनांक : 08 जून, 2012 )

## नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>31.05.2012 | **क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड जयहरीखाल के अन्तर्गत ग्राम डीर, ग्राम सभा नगधार के विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से उक्त गावों की विद्युत आपूर्ति विगत 13 माह से बाधित है ? यदि हां, तो आज तक उक्त ट्रांसफार्मर को न बदले जाने के क्या कारण हैं और इसके लिए कौन दोषी है तथा कब तक विद्युत ट्रांसफार्मर लगा दिया जायेगा ? क्या सरकार दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>11.05.2012 | *1. **स्थगित**<br>[क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत गांधी चौक पर सड़क चौड़ीकरण न होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या के निराकरण हेतु कोई योजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? ] | शहरी विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>11.05.2012 | *2. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में श्रमिकों को दी जा रही न्यूनतम मजदूरी की दरें दूसरे निकटवर्ती राज्यों की अपेक्षा अत्यधिक कम है ? यदि हां, तो क्या सरकार न्यूनतम मजदूरी की दरों को बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>15.05.2012 | *3. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार नगरपालिका परिषद काशीपुर में कचरे के निस्तारण हेतु बायो–डी–ग्रेडेबल प्लांट लगाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>15.05.2012 | *4. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून में आवासीय परिसरों में अवैध रूप से दुग्ध डेयरी संचालित की जा रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि डेयरी फार्मों से निकलने वाले अपशिष्ट से आस–पास का वातावरण दूषित हो रहा है ? यदि हां, तो सरकार अवैध रूप से संचालित डेयरियों पर कार्यवाही किये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री आदेश चौहान<br>15.05.2012 | *5. **स्थगित**<br>[क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के रानीपुर बी0एच0ई0एल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सुभाषनगर, विष्णु लोक कालोनी, बहादराबाद, शिवालिक नगर, ब्रहमपुरी, रोशनाबाद में गन्दगी व जलभराव के कारण मच्छरों के प्रकोप से बीमारियां फैल रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त क्षेत्र की सफाई व फोगिंग की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? ] | शहरी विकास |

## अतारांकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द<br>14.05.2012 | 1. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी के पर्वतीय क्षेत्र के भेड़ पालकों को सर्दी के मौसम में भेड़ बकरियों देहरादून के जंगलों में चराने हेतु परमिट दिलाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तृतीय सोमवार के अता0 25 में स्थाना0** |
| श्री मालचन्द<br>14.05.2012 | 2. **अस्पष्टता के आधार पर निरस्त** [क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी के पर्वतीय क्षेत्र में भेड़ बकरी पालन को प्रोत्साहन देने हेतु एवंऊनी वस्त्रों के क्रय–विक्रय हेतु उत्तराखण्ड में भी लय/लैंवी मेले का आयोजन किया जायेगा ? जिससे उत्तराखण्ड राज्य को नई पहचान व भेड़ पालकों को रोजगार मिल पायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? ] | **पशुपालन** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.05.2012 | 3. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर की नगरपालिका परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत पुरानी सीवर लाईन की मरम्मत एवं शहर के अन्य भागों में नई सीवर लाईन बिछाने एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो प्रस्तावित योजना का प्रारूप क्या है और कब तक योजना को क्रियान्वित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तृतीय गुरूवार के अता0 21 में स्थाना0** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>14.05.2012 | 4. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नगरपालिका परिषद काशीपुर को नगर निगम बनाया जाना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा कब तक इसकी घोषणा की जाएगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **शहरी विकास** |
| श्री गणेश जोशी<br>15.05.2012 | 5. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून रिस्पना नदी एवं बिन्दाल नदी के सौन्दर्यीकरण के लिए कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो क्या है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार इसके लिए कोई कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरी विकास** |
| श्री सरवत करीम अंसारी<br>15.05.2012 | 6. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत मंगलौर नगर पालिका क्षेत्र में अभी तक सीवर लाईन नहीं बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार सीवर लाइन बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तृतीय गुरूवार के अता0 22 में स्थाना0** |

नत्थी "ग"

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 07 जून, 2012 की बैठक में दिनांक 08 जून, 2012 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रुप में रखे जाने की सिफारिश की है :–

जून, 2012

शुक्रवार, 08 जून,

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुदान सं0 | 01 | विधान सभा की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 02 | राज्यपाल की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 03 | मंत्रिपरिषद की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 04 | न्याय प्रशासन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | –तदैव– |
| | 08 | आबकारी विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 09 | लोक सेवा आयोग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | विवाद नहीं होगा। |
| | 10 | पुलिस एवं जेल विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 14 | सूचना विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 21 | उर्जा विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 22 | लोक निर्माण विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान | — |
| | 23 | उद्योग विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |
| | 27 | वन विभाग की अनुदान पर मांग, चर्चा और मतदान। | — |

विधायी कार्य :–

1– उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2012 का सदन की अनुज्ञा से पुरस्थापन, उस पर विचार एवं पारण।

2– उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन), 2012 विचार एवं पारण।

(समय 30 मिनट)

## नत्थी "घ"

### वित्तीय वर्ष 2012-2013 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्याः- 08 आबकारी, 10 पुलिस एवं जेल, 14 सूचना, 21 ऊर्जा, 22 लोक निर्माण कार्य, 23 उद्योग, 27 वन ।

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंस कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह राना<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री विशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19. श्री बंशीधर भगत<br>20. श्री पुष्कर सिंह धामी<br>21. श्री सहदेव सिंह<br>22. श्री गणेश जोशी<br>23. श्री मालचन्द<br>24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>25. श्री राजकुमार ठुकराल<br>26. श्री भीमलाल आर्य<br>27. श्री संजय गुप्ता<br>28. श्री चन्द्रशेखर<br>29. श्री अरविन्द पाण्डे | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "ङ"

## राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य-विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि-तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य-विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।